तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

पोखर में तब्दील हुई देवरी मोड़ से तनौद-भुईगांव पहुंच मार्ग
4



बिलासपुर, रविवार, 13 जुलाई 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

## खबर संक्षेप

### भूविस्थापित जीवन निर्वाह भत्ता समिति की मासिक बैठक आज

**अकलतरा।** जे. एस. डब्लू के एस के भुविस्थापित जीवन निर्वाह भत्ता समिति की मासिक बैठक का आयोजन रविवार 13 जुलाई को सुबह 10 बजे नगर पंचायत नरियरा स्थित भगत कुंआ मंदिर प्रांगण में रखा गया है। बैठक में स्कूल, हॉस्पिटल, बेरोजगारी, सी.एस. आर, नॉमिनी परिवर्तन जैसे मुद्दों पर होगी चर्चा। बैठक मे अधिक से अधिक भुविस्थापित परिवारों को समिल्लित होने की अपील समिति के पदाधिकारियों के द्वरा की गई है।

### महिला सशक्तिकरण केंद्र साक्षात्कार 14 और 15 को

**सक्ती।** महिला एवं बाल विकास विभाग जिला सक्ती द्वारा मिशन शक्ति अंतर्गत महिला सशक्तिकरण केन्द्र के 8 पद एवं घरेलु हिंसा संरक्षण अधिकारी नवा बिहान के 1 पद के लिए दावा आपत्ति निराकरण उपरांत अंतिम पात्र सूची जिला प्रशासन के वेब साईट पर जारी की गई है। इन पदों पर चयन हेतु दस्तावेज सत्यापन, लिखित, कौशल परीक्षा व साक्षात्कार 14, 15 जुलाई को जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग के कार्यालय लवसरा रोड जेठा जिला सक्ती में सुबह 9 बजे से आयोजित है। पात्र अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु सभी मूल प्रमाणपत्र, अनुभव के समर्थन में प्राप्त वेतन के प्रमाण स्वरूप बैंक स्टेटमेंट, पे स्लिप वाउचर , पास बुक की छायाप्रति मूल प्रति के साथ प्रस्तुत करना होगा।

### शासकीय निष्प्रयोज्य सामग्री की नीलामी 17 को

**जांजगीर-चांपा।** कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना जांजगीर-चांपा के अंतर्गत जिले में शासकीय निष्प्रयोज्य घोषित सामग्रियों की नीलामी गुरुवार 17 जुलाई को 11 बजे कार्यालय जिला सेनानी, नगर सेना जांजगीर (खोखरा भांठा) में की जाएगी। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि निष्प्रयोज्य सामग्रियों में नगर सैनिकों की वर्दी की कमीज, फुल पैंट, टोपी, मोजा, जूते, किट बाक्स तथा अन्य निष्प्रयोज्य सामग्रियों की एक ही साथ नीलामी कर दी जावेगी। इच्छुक खरीददार नीलामी तिथि के एक दिन पूर्व कार्यालयीन समय में आकर नीलाम की जाने वाली सामग्री को देख सकेंगें।

### विधानसभा सत्र के दौरान अवकाश पर प्रतिबंध

**जांजगीर-चांपा।** विधानसभा का षष्ठम सत्र सोमवार 14 जुलाई से प्रारंभ होने के फलस्वरूप कलेक्टर ने विधानसभा सत्र के अवसान तक जिले के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रतिबंध लगाया है। कोई भी अधिकारी किसी भी प्रकार के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे एवं अपने निर्धारित मुख्यालय पर ही रहेगें। कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को कोई अवकाश स्वीकृत नहीं करेंगे।

## बरसात में हर साल होते हैं कई हादसे

# पुल-पुलिया की ऊंचाई बढाने नहीं ध्यान जल्दबाजी में डाल रहे जोखिम में जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



तुस्मा के पास कंजीनाला के ऊपर पानी चलने के बाद भी पार होते ग्रामीण।

जिले में बरसात के पूर्व पुल-पुलिया की ऊंचाई बढाने को लेकर ध्यान तक नही दिया गया, जिसके चलते बरसात के समय में लोगों को आवागमन करने में काफी परेशानी हो रही है। इस प्रकार की समस्या हर साल बरसात में बनी रहती है। जल्दबाजी के फेर में लोग जान जोखिम में डालकर ऐसे पुल को पार कर रहे हैं। फिर भी इस दिशा में उचित पहल नहीं हो पा रही है।

गौरतलब है कि जांजगीर-चाम्पा जिले के कई जगहों पर आज भी कम ऊंचाई के पुल-पुलिया है, जिनकी ऊंचाई बढ़ाने को लेकर विभाग के अफसर ध्यान तक नही दे रहे है। अब बारिश का दौर भी शुरू हो हो गया है, और इसके साथ ही लोगों की परेशानी भी बढ़ गई है। हाल ही में हुई बारिश के बाद कम ऊंचाई के कई पुल पर पानी चढ़ गया। ग्रामीण क्षेत्र के ऐसे पुल को लोग जान जोखिम में डालकर पार करते रहे। एक हादसे में सक्ती जिले में एक युवक की मौत भी हो गई। सक्ती जिले के मालखरौदा क्षेत्र के पोता भांठा मुख्य मार्ग से अंदर जाने वाले बगान नाला में तेज धार चलने के बाद भी गांव का सुलचन वारम मंगलवार को पुल पार कर रहा था। इस दौरान वह पानी के बहाव में बह गया। अगले दिन उसकी लाश मिली। जांजगीर चाम्पा और सक्ती जिले में ऐसे दर्जनभर से अधिक पुल हैं, जो परेशानी का सबब बने हुए हैं। खास बात यह है कि इस तरह की समस्या बरसात के दिनो में हर साल बनी रहती है। फिर भी इस पर ध्यान तक नहीं दिया जा रहा है। बलौदा ब्लाक के ग्राम बहेराडीह से लेकर सिवनी चाम्पा के मध्य जमड़ी नाला पुल की ऊंचाई काफी कम है। इसी प्रकार नवागढ क्षेत्र के कुरियारी एवं ग्राम तुस्मा के मध्य बहने वाले कंजी नाला के पुलिया की ऊंचाई भी काफी कम है। बम्हनीडीह ब्लाक के अफरीद से सोठी को जोड़ने वाली सड़क के बीच जमड़ी नाला का पुल कम ऊंचाई का बना हुआ है। बरसात प्रारंभ होते ही अफरीद रास्ते के माध्यम से मुड़पार, पचोरी, झर्रा, सरवानी आने जाने वाले लोगों की परेशानी और भी बढ़ जाएगी। जमड़ी पुल की ऊंचाई काफी कम है। इसी तरह बम्हनीडीह ब्लाक के ग्राम बंसुला से सक्ती जिले के ग्राम मुक्ता को जोड़ने वाली पुलिया की ऊंचाई काफी कम है, जिसके चलते बरसात का दौर प्रारंभ होते ही आवागमन करने वाले लोगो की परेशानी बढ़ जाती। कम ऊंचाई के पुल पर बारिश का पानी चढ़ने से ग्रामीणों को 15 से 20 किलोमीटर घुमकर आवागमन करना पड़ता है। जल्दबाजी के फेर में लोग पानी की धार चलते हुए कम ऊंचाई के पुल को पार करते हैं, जिससे जान का जोखिम बना रहता है। इस तरह की समस्या कई सालों से बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार विभाग के अफसर पुल पुलिया की ऊंचाई बढाने को लेकर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### नालों के पुल ऊपर पानी चलने पर पार न करने की अपील

*लगातार हो रही बारिश एवं नदी-नालों में बढ़ते जल स्तर को देखते हुए जिले वासियों व पर्यटकों से सुरक्षा, सतर्कता और सावधानी को लेकर कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने अपील की है। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि नदियों और नालों के पुल के ऊपर पानी होने पर पार न करें और दूसरे सुरक्षित मार्ग का प्रयोग करें। जलस्तर उफान पर होने पर नदियों में नहाना और तैरना पूरी तरह से टालें। बांधों, जलाशयों और पिकनिक स्थलों पर जहां पानी का स्तर ज्यादा हो, वहां न जाएं। झरने या ऊंचे फिसलन वाले स्थानों पर सेल्फी लेने से बचे। तेज बारिश के दौरान कच्चे मकानों और स्मारकों के नीचे शरण लेने से बचें। आकाशीय बिजली के समय खुले में और पेड़ों के नीचे खड़े न रहें।*

### भेजा है प्रस्ताव

कुछ जगहों पर पुल की ऊंचाई कम है, जिसे बढ़ाने की जरूरत है। कुछ नालों पर बने पुल की ऊंचाई बढ़ाने के लिए प्रस्ताव भी भेजा गया है।

-दलगंजन साय,
एसडीओ
लोक निर्माण विभाग

# अधूरे मकान को पूर्ण बताकर निकाली राशि, रोजगार सहायक की सेवा समाप्त

## पीएम आवास में अनियमितता पर बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




प्रधानमंत्री आवास में अनियमितता के मामले में पामगढ़ ब्लाक में बड़ी कार्रवाई करते हुए रोजगार सहायक की छुट्टी कर दी गई। दरअसल अनियमितता की शिकायत पर हुई जांच में अधूरे मकान को पूर्ण बताकर राशि आहरण करने की बात सामने आने पर बर्खास्तगी की कार्रवाई हुई है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवास निर्माण में पाई गई अनियमितता पर कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पामगढ़ ने कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत भुईगांव विकासखंड पामगढ़ के रोजगार सहायक चंद्रकिरण मनहर की तत्काल संविदा सेवा समाप्त कर दी है। जनपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम पंचायत भुईगांव में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वीकृत आवास निर्माण में रोजगार सहायक चंद्रकिरण मनहर की अनियमितता की शिकायत प्राप्त होने पर कलेक्टर श्री महोबे द्वारा संज्ञान लिया। कलेक्टर ने मामले की जांच के लिए तहसीलदार पामगढ़ को निर्देशित किया। जांच में सामने आया कि संबंधित हितग्राही का आवास अपूर्ण स्थिति में पाया गया। जिसे रोजगार सहायक द्वारा अन्य जगह का मकान का उपयोग कर एप्लीकेशन में जीयो टैगिंग कर मकान को पूर्ण बताया गया है। इसी तरह एक अन्य हितग्राही का आवास अपूर्ण पाया गया एवं आवास एप्लीकेशन में उक्त आवास पूर्ण प्रदर्शित हो रहा है एवं सपूर्ण राशि का आहरण किया जाना पाया गया। उक्त आवास को भी अन्य जगह के मकान का उपयोग कर रोजगार सहायक द्वारा जीयो टैगिंग कर मकान को पूर्ण बताया गया है। जांच दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में आवास निर्माण स्थल एवं पीएमएवाई-ग्रामीण पोर्टल में दर्ज जानकारी में भिन्नता पाई गई, जो घोर अनियमितता की श्रेणी में आता है। कलेक्टर श्री महोबे ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास में किसी भी प्रकार की अनियमितता और शिकायत पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन हेतु सतत निगरानी की जा रही है।

# रास्ता रोककर जान से मारने की धमकी देकर रुपए मांगने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



ट्रैक्टर चालक का रास्ता रोककर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर शराब पीने के लिये रूपये की मांग करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सारागांव थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार देवरी निवासी शुभम उर्फ राहुल राठौर पिता महेश राठोर उम्र 26 वर्ष द्वारा ट्रैक्टर चालक का रास्ता रोक कर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। इसके साथ ही शराब पीने एवं पार्टी करने के लिये 2000 रूपये की मांग कर रहा था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर 12 जुलाई अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर घटना के संबंध में पुछताछ किया जो अपराध करना स्वीकार करने तथा आरोपी के विरूद्ध अपराध घटित करने का पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से आरोपी शुभम ऊर्फ राहुल राठौर साकिन देवरी थाना सारागांव को 12 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेंश कुमार कश्यप एवं एसडीओपी चांपा यदुमणी सिदार के कुशल मार्गदर्शन में त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी शुभम राठौर ऊर्फ राहुल निवासी देवरी थाना सारागांव को पकड़ा गया जिसको हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पुछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक सावन सारथी, सउनि राजेश कुमार सिंह, प्रधान आरक्षक रेमन सिंह राजपूत, आरक्षक रामायण का विशेष योगदान रहा

### आदतन गुंडा गौरी के विरूद्ध जिला बदर की कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** क्षेत्र में सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टिगत रखते हुये भेजी गई आदतन गुंडा बदमाश का जिला बदर की कार्यवाही के लिए भेजी गई है। जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर जांजगीर -चाम्पा द्वारा सुनवाई की जायेगी। गुंडा बदमाश का जिला जांजगीर व सरहदी जिला सक्ती, रायगढ, बिलासपुर, कोरबा, बलौदा बजार जिलों से जिला बदर की कार्यवाही करने के लिए प्रतिवेदन भेजा गया है। मुलमुला थाना अंतर्गत ग्राम कोसा निवासी आदतन गुंडा बदमाश गौरी उर्फ रोहित बर्मन के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाहिया एवं आर्म्स एक्ट जैसे अपराध पंजीबद्ध है। गुंडा बदमाश के इस प्रकार के आपराधिक कृत्य के कारण उनका नाम गुंडा सूची थाना मुलमुला में दर्ज किया गया है, इसके बावजूद भी उसके आपराधिक कृत्यों में किसी प्रकार का सुधार नहीं आया। आरोपी के विरूद्ध लगातार कार्यवाही के बावजूद भी उसके आपराधिक गतिविधियों में कमी नही आयी है। जिस कारण से आदतन बदमाश का जिला बदर का कार्यवाही के लिए विस्तृत प्रतिवेदन जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर जांजगीर-चाम्पा को भेजा गया।

# ई-समंस की शतप्रतिशत तामिली के संबंध में किया गया कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



कार्यशाला में तामिली के संबंध में हिदायत देते अफसर।

ई समंस की शत प्रतिशत तामिली के संबंध में पुलिस अधीक्षक के सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के थाना व चौकी में पदस्थ समंस वारंट मददगार आरक्षक, सीसीटीएनएस आपरेटर एवं कोर्ट मोहर्रिर आरक्षक शामिल हुए।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक सभा कक्ष में 12 जुलाई को समंस वारंट मददगार, सीसीटीएनएस आपरेटर एवं कोर्ट मोहर्रिर आरक्षक को आपस में समन्वय बनाकर ई-समंस की समय पर शत प्रतिशत तामिली करने हिदायत दी गई। तामिली की जानकारी हर हाल में पोर्टल के माध्यम से समय पर भेजने हेतु निर्देशित किया गया। कार्यशाला के दौरान ई-समंस की तामिली प्रकिया में आ रही समस्याओं से अवगत होकर त्वरित निराकरण करने की हिदायद दी गई। ई – समंस के माध्यम से समंस वारंट की तामिली प्रारंभ की गई है। उसको तमिल कर वही मौके से संबधित की फोटो अपने ई समंस एप मे खींचकर उसे अपलोड कर रहे हैं और वही से कोर्ट के सीआईएस पोर्टल पर तामिल दिखना भी प्रारम्भ हो गया है। 25 जून को मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय बिलासपुर के द्वारा जिला न्यायालय मे शुभारंभ किया गया था। जिसके बाद ई समंस सीधे न्यायालय से थानों को आनलाइन आना प्रारम्भ हो गए है। जांजगीर चांपा जिले के द्वारा निर्धारित पेशी तिथि के अनुसार आज दिनांक तक 105 ई समन्स और ज़मानतीय वारंट आनलाइन तामील कर ई समंस प्रक्रिया की शुरुआत हो गई है। इसी क्रम मे आज दिनांक को पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय द्वारा जिले के समस्त समंस वारंट आरक्षक, सीसीटीएनएस आरक्षक एवं कोर्ट आरक्षकों की मीटिंग पुलिस कार्यालय जांजगीर के सभा कक्ष में बुलाई गई और इसकी तामिली में आ रही कठिनाईयों के बारे मे चर्चा करके इसे दूर करने के विषय मे ट्रैनिंग दी गई। ई समंस एप्लिकेशन के माध्यम से समस्त न्यायालयों से प्राप्त होने वाले समंस को ऑफ लाइन तामिली की प्रक्रिया को ऑनलाइन इलेक्ट्रानिक रूप से तामील कराए जाने हेतु ई समंस एप्लिकेशन विकसित किया गया है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप, सीएसपी श्रीमती कविता ठाकुर, एसडीओपी चाम्पा यदुमणि सिदार, डीएसपी मुख्यालय विजय पैकरा, रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी उपस्थित रहे।

### चार प्रकरणों में 48 लीटर कच्ची महुआ शराब को किया जब्त

**सक्ती।** आबकारी विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए 4 प्रकरणों में कुल 48 लीटर कच्ची महुआ शराब को जब्त किया है। मामला सक्ती जिले का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देश पर और प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी नितिन शुक्ला के मार्गदर्शन में 12 जुलाई को सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीष उप्पल को लिमतरा थाना सक्ती में कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर बेचने की मुखबिर सूचना पर पहले खरीददार से महुआ शराब की खरीदारी कराई गई। महुआ शराब बिक्री की पुष्टि होने पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीष उप्पल की टीम ने लिमतरा के अवैध महुआ शराब विक्रेताओं के घर छापामार कार्रवाई में1. दूजेराम पिता शंकर भारद्वाज से 6 लीटर महुआ शराब, सुरजीत जांगड़े पिता जवाहर जांगड़े से 30 लीटर महुआ शराब, ननकी जांगड़े पिता अमरदास से 8 लीटर महुआ शराब, शरद साहू पिता चंदराम से 9.2 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) क 34(2) 59 के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय से रिमांड लेकर जेल दाखिल किया गया। कार्रवाई में टीम का योगदान रहा।

# अमन आत्महत्या मामला, 10 माह से फरार आरोपी तमिलनाडु से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



करोड़ों रुपए लेकर धोखाधड़ी और युवक को आत्महत्या के लिऐ उत्प्रेरित करने के मामले में 10 माह से फरार आरोपी को तमिलनाडु से पकड़ने में थाना जांजगीर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी सतेंद्र पटनवार निवासी कोरिया हाल मुकाम द्वारिका सेक्टर 18 दिल्ली ने रिर्पोट दर्ज कराया था की आरोपी अनुराग राठौर एवं उनके अन्य साथियों को प्रार्थी का भांजा अमन कौशिक ने कुल 1 करोड़ साठ लाख रुपए उधारी दिया था, वापस मांगने पर आरोपियों के द्वारा वापस न कर धोखाधड़ी कर दिए और अमन कौशिक को आत्महत्या करने के लिए उत्प्रेरित करने लगे जिस पर अमन कौशिक के द्वारा आरोपियों के धोखाधड़ी और प्रताड़ना से तंग आकर 10 अक्टूबर 2024 को आत्महत्या करने के लिए जहर सेवन कर लिया था। जिसे उपचार के लिए अपोलो अस्पताल बिलासपुर में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई थी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना जांजगीर में अपराध कायम कर विवेचन में लिया गया था।

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass) • FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलौदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

MARK OF EXCELLENCE
अनुभवी एक्सपर्ट्स द्वारा वर्ल्ड-क्लास यूरोलॉजी एवं जनरल/लेप्रोस्कोपिक सर्जरी



यूरोलॉजी एवं यूरोसर्जरी
• यूरेथर की पथरी का बिना चीरे या छोटे से चीरे द्वारा दूरबीन से ईलाज।
• आधुनिक दूरबीन द्वारा छोटे से चीरे से गुर्दे की पथरी का ऑपरेशन (PCNL)
• लेजर मशीन द्वारा किडनी की पथरी का ईलाज
• प्रोस्टेट ग्रंथी का दूरबीन से ऑपरेशन (TURP)
• पेशाब नली की सिकुड़न का ईलाज।
• किडनी, पेशाब नली, पेशाब थैली के कैंसर का ईलाज।
जनरल/लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
• हार्निया
• गॉलब्लेडर
• अपेन्डिक्स की लेप्रोस्कोपिक के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा
• अन्य जनरल सर्जरी के ऑपरेशन की सुविधा
MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 ( C.G.)
24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486
Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com
Email: Info@markhospital.com
AdPRAYAS

## खबर संक्षेप



### कुसमुंडा क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**गेवरा दीपका।** कुसमुंडा क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को लेकर शुक्रवार को युवा कांग्रेस बांकीमोंगरा द्वारा एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन व थाना प्रभारी कुसमुंडा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कुसमुंडा क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में जितने भी बस एवं अन्य वाहन संचालित हैं उन सभी वाहनों के चालकों की अल्कोहल की नियमित जांच कराई जाए। मांस मछली दुकानों का संचालन कुसमुंडा क्षेत्र के गायत्री मंदिर के चौक के पास किया जा रहा है उन सभी दुकानों को आदर्श नगर साप्ताहिक बाजार में स्थाई रूप से स्थानांतरण करने की कृपा करें। अन्य सब्जियों की दुकानों का संचालन कुसमुंडा क्षेत्र के गायत्री मंदिर के चौक के पास किया जा रहा है,जिससे आए दिन जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है, उन सभी दुकानों को आदर्श नगर साप्ताहिक बाजार में स्थाई रूप से स्थानांतरण करनेकी कृपा करें। सड़क के किनारे सूखे बड़े पेड़ को हटाकर सुरक्षित किया जाए। पानी की निकासी की व्यवस्था को सुधार किया जाए। युवाओं का कहना है कि उन्हें आशा है कि पुलिस और प्रबंधन उनकी उक्त जायज मांगों पर गंभीरता से विचार करेंगे और इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक विचार नहीं किया जाता है तो वे आने वाले समय में आनोदलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान जयंत चंद्रा, अंकुर देवांगन, कुणाल आजाद, धनंजय दीवान, भुवेश, नीरज बंजारे, धीरेश आदि शामिल रहे।

### पौधरोपण कर पर्यावरण संतुलन का दिया संदेश

**हरदीबाजार।** पौधा लगाने से जहां हरियाली रहती है, वहीं ताजी हवा व गर्मी में छांव देती है व फल वृक्षारोपण कर लोगों से अपील भी कि गई कि अपने आस-पास खाली पड़े हिस्से में ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण कर क्षेत्र को हरा-भरा करें, पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने में हम सभी की भागीदारी जरूरी है। भाटापारा समरसता भवन के खाले हिस्से में जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल, जनपद सदस्य प्रतिनिधि अनिल टंडन, राजाराम राठौर, विनोद उपाध्याय,जगदीश अग्रवाल, अनुसुइया राठौर,विनय जायसवाल सहित अन्य ने पौधारोपण किया।

### भाजपा उरगा मण्डल ने मनाया गुरुपूर्णिमा पर्व



**भैसमा।** भाजपा उरगा मण्डल द्वारा श्रीगुरुपूर्णिमा पर्व मनाया गया। इस पावन अवसर पर सामुदायिक भवन सेमीपाली में पूर्व विधायक ननकी राम कंवर के मुख्य आतिथ्य में धार्मिक संस्था प्रमुख, मठ मन्दिर प्रमुख व उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। भाजपा मण्डल अध्यक्ष किशन साव ने सनातन संस्कृति में गुरु शिष्य परम्परा का महत्व, महर्षि वेदव्यास और कृष्णणं वन्दे जगद्गुरु का भावार्थ बताते हुए श्रीकृष्ण को संसार का गुरु बताते हुए उनके द्वारा दिया गया गीता ज्ञान को चराचर जगत के लिए जीवन जीने की शैली बताया। कार्यक्रम को भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ संजय वैष्णव, ब्रम्हकुमारी गीतेश्वरी, पूर्व विधायक ननकीराम कंवर ने संबोधित किया। इस दौरान प्राचार्य आरवी डहरिया, व्याख्या एलआर कर्ष, शिक्षक भवानी पटेल, राजेन्द्र कंवर को सम्मानित किया गया। इस मौके पर गणेशी, महावीर राजपूत, डॉ संजय वैष्णव, ओम साहू, जनार्दन कंवर, हरीश साहू, गोवर्धन पटेल, श्रवण पाटले, बसंती पटेल, यशोदा खैरवार, विजय पटेल, रामनिरंजन जायसवाल, चुन्नीलाल पाटील, दिलीप कौशिक, राजेश सक्सेना, भुवनेश्वरी कंवर, रामावतार चंद्रा, देवनारायण साहू, शोभाराम कश्यप, तामेश्वर साहू उपस्थित रहे।

### वर्ष 2024 से एक प्रतिशत ज्यादा हुआ वाटर लेवल

# गर्मी में बांगो के सूखने लगे थे कंठ, 15 दिन में ही आधे के करीब पहुंच गया बांध

#### हाईडल प्लांट को ढाई घंटे ही किया जा रहा है संचालित



बांगो बांध।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश के सबसे बड़े बांध बांगो बांध में इस बार गर्मी के दिनों में बिल्कुल भी पानी नहीं था। पानी का लेवल लगभग 25 फ़ीसदी जा पहुंचा था इससे जल संसाधन विभाग को चिंता सता रही थी लेकिन इस बार जजमेंट इलाके में बारिश अभी तक इतनी अच्छी हुई है कि बांगो बांध लगभग आधे की करीब पहुंच गया है जिससे जल संसाधन विभाग के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है और इसी तरह बारिश होती रही तो निसंदेह जुलाई के महीने में ही बांध लबालब होने की उम्मीद जताई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि बांगो बांध की कुल जलभराव क्षमता 359.66 मीटर है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने गर्मी के दिनों में किसानों को रबी फसल की और निस्तारी के लिए पानी दिया था। जिसके चलते इस बार बांध का वाटर लेवल लगभग 25 फ़ीसदी तक जा पहुंचा था लेकिन पिछले 15 दिनों से लगातार हो रही झमाझम बारिश से बांगो बांध का वाटर लेवल बहुत तेजी से बढ़ रहा है। बताया जाता है कि वर्ष 2024 की तुलना करें तो इस साल अभी तक बांगो बांध का जलस्तर लगभग एक फ़ीसदी ज्यादा है जबकि वाटर लेवल बहुत कम था। इसके बाद भी वाटर लेवल बढ़ने से निःसंदेह बारिश बहुत अच्छी हुई है। जल संसाधन विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2024 में 11 जुलाई को बांगो बांध का जलस्तर 348.61 मीटर था जो कुल जलभराव का 45 फ़ीसदी पानी है जबकि आज की स्थिति में बांगो बांध में 349.9 मीटर पानी भरा है जो कुल जलभराव का 46 फीसदी पानी है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की मानें तो एक-दो दिनों में बांगो बांध लगभग आधे के करीब पहुंच जाएगा।

#### केचमेंट इलाके में झमाझम हो रही बारिश

जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर बांगो बांध बनाया गया है। जिसका पानी ज्यादातर जांजगीर चांपा सक्ती और रायगढ़ जिले के किसान करते हैं। इसके अलावा कोरबा सहित आसपास के पड़ोसी जिले के संयंत्रों को भी पानी आपूर्ति की जाती है लेकिन वहीं दूसरी ओर बांगो बांध का केचमेंट इलाका आसपास का पूरा पड़ोसी जिला है। जिसमें कोरिया, सूरजपुर सहित आसपास का पूरा इलाका आता है। इस इलाके में ही बारिश होने में बहुत तेजी से वाटर लेवल बढ़ता है। यही वजह है कि पिछले 10 दिनों से बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में लगातार बारिश हो रही है और बांगो बांध का जलस्तर लगातार बढ़ते ही जा रहा है।

#### हाइडल को मात्र 2 घंटे ही किया जा रहा है संचालित

बांगो बांध का वाटर लेवल लगातार बढ़ते ही जा रहा है। जिसका वाटर लेवल लगभग 50 फ़ीसदी तक के करीब जा पहुंचा है लेकिन इसके बाद भी अभी तक हाइडल प्लांट की रफ्तार नहीं बढ़ाई गई है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के द्वारा अभी भी मौजूदा स्थिति में हाइडल प्लांट को मात्र 2 घंटे ही संचालित किया जा रहा है। जिससे 250 क्यूसेक पानी संयंत्रों के लिए ही आपूर्ति की जा रही है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक बांध का वाटर लेवल 50 फ़ीसदी के ऊपर आने के बाद ही हाइडल प्लांट की कुछ रफ्तार बढ़ाई जा सकती है।

## एक दिन की हड़ताल से 22 फीसदी गिरा कोयला उत्पादन



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

9 जुलाई को हुई देशव्यापी कामबंद हड़ताल का कोल सेक्टर में खासा असर पड़ा है। 8 जुलाई और 9 जुलाई के उत्पादन के अधिकारिक आंकड़े पर गौर करें तो हड़ताल के दिन कोल इंडिया लिमिटेड ने 10 लाख 93 हजार 410 टन कोयला उत्पादन दर्ज किया। हड़ताल के एक दिन पूर्व यानी 8 जुलाई को सीआईएल का कोयला उत्पादन 14 लाख 8 हजार 280 टन हुआ था। 8 जुलाई की तुलना में 9 जुलाई को उत्पादन में 22.36 फीसदी की कमी आई। उत्पादन के लिहाज से हड़ताल का सबसे अधिक प्रभाव बीसीसीएल, सीसीएल, ईसीएल, डब्ल्यूसीएल में पड़ा है। हड़ताल की वजह से सीआईएल का कोल डिस्पैच भी प्रभावित हुआ है। 9 जुलाई को हड़ताल के दिन 12 लाख 76 हजार 830 टन कोयला प्रेषण हुआ। 8 जुलाई को यह आंकड़ा 15 लाख 76 हजार 160 टन था। 8 तारीख के मुकाबले 9 जुलाई को कोल डिस्पैच में 19 फीसदी की गिरावट आई। 9 जुलाई को कोल इंडिया के अनुषंगी कंपनियों में हुए कोयला उत्पादन पर गौर करें तो बीसीसीएल 81,120 (8/7) की जगह 37,710 (9/7), सीसीएल 1,49,390 (8/7) की जगह 63,480 (9/7), ईसीएल 87,300 (8/7) की जगह 42,680 (9/7), एमसीएल 4,60,070 (8/7) की जगह 4,48,550 (9/7), एनसीएल 3,66,050 (8/7) की जगह 2,46,940 (9/7), एसईसीएल 2,47,830 (8/7) की जगह 2,44,710 (9/7), डब्ल्यूसीएल 16,520 (8/7) की जगह 9,340 (9/7), सीआईएल 14,08,280 (8/7) की जगह 10,93,410 (9/7) किया गया है।

#### खास बात

- एसईसीएल में 2 लाख 47 हजार की जगह 2 लाख 44 हजार 710 कोयला उत्पादन

# युवती से अनाचार के मामले में आरोपी को 7 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ अनाचार के मामले में आरोपी के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे 7 वर्ष सश्रम कारावास व 12 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। अतिरिक्त लोक अभियोजक सुनील कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी सोनू विश्वकर्मा 40 वर्ष पिता स्वर्गीय रमेश विश्वकर्मा ने उसी मोहल्ले में निवास करने वाली एक युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दैहिक शोषण किया था और बाद में शादी से मुकर गया था। युवती की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी सोनू विश्वकर्मा के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तथा अपराध पंजीबद्ध किया था और मामले को माननीय न्यायालय एफटीसी कोरबा पीठासीन अधिकारी डॉ ममता भोजवानी के न्यायालय में पेश किया था जहां मामले की सुनवाई न्यायालय में हुई और आरोपी सोनू विश्वकर्मा के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर उसे न्यायालय ने 7 वर्ष सश्रम कारावास व 12 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। मामले में अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक सुनील कुमार मिश्रा ने पैरवी की है।

## बस के सामने आ गई बाइक, बचाने के चक्कर में पलटी बस, एक की मौत, एक दर्जन यात्री घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक यात्री बस सवारी लेकर जा रही थी कि बस के सामने अचानक एक बाइक आ गई जिससे बस चालक ने बचाने का प्रयास किया लेकिन उसके बाद भी बाइक चालक उसकी चपेट में आ गया और बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई और बस सड़क से अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के होते ही मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। हालांकि पुलिस का कहना है कि सभी को मामूली चोट आएगी आई है ज्यादातर लोग अपने-अपने घर पहुंच गए हैं।

मामला जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र पसान थाना क्षेत्र की है। पसान थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पिपरिया से बस क्रमांक सीजी 10 एटी 6023 सवारी लेकर पेंड्रा के लिए रवाना हुई थी। देर शाम लगभग 6 बजे के आसपास बस पिपरिया से सिर्री के बीच पहुंची थी कि तेज रफ्तार बस के सामने से अचानक एक बाइक सवार आ गया और बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बस अनियंत्रित हो गई और बाइक को अपनी चपेट में लेते हुए बस सीधे पलट गई। हादसे के होते ही बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। जबकि बस में सवार लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पसान थाना प्रभारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। इस सड़क हादसे में लगभग एक दर्जन लोगों को मामूली चोट आयी है जबकि एक युवक की मौत हुई है। पुलिस के मुताबिक देर शाम होने की वजह से मृतक की अभी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्च्युरी भेज दिया है।

### एक लाख का कॉपर वायर चोरी

**कोरबा।** विद्युत वितरण कंपनी के कटघोरा डिविजन के अंतर्गत लाद कोरबी स्थित विद्युत सब स्टेशन से अज्ञात चोरों ने कॉपर वायर की चोरी कर ली है। जूनियर इंजीनियर की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

### एसईसीएल हॉस्पिटल प्रबंधन के रवैये को लेकर विपक्षी पार्षदों ने खोला मोर्चा

**कोरबा।** एसईसीएल बांकीमोंगरा हॉस्पिटल प्रबंधन की मनमानी व लापरवाही पूर्वक कचरा गाड़ी में शव ढोने के मामले में बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद के नेता प्रतिपक्ष मधुसूदन दास के नेतृत्व में अस्पताल प्रबंधन को बेशर्म फुल का गुलदस्ता भेंट किया गया। इस दौरान प्राइवेट मरीजों के लिये एम्बुलेंस की सुविधा देने, उचित इलाज प्रदान करने एव दवाई ख़रीदी में कमीशनखोरी बंद करने की माँग को लेकर सीएमएचओ एसईसीएल बाँकी मोंगरा को ज्ञापन सौंपकर उचित कार्यवाही की मांग की गई। साथ ही मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष मधुसूदन दास ने कहा कि बांकीमोंगरा क्षेत्र से एसईसीएल ने करोड़ों का राजस्व प्राप्त किया और आज जब खदाने बंद होने लगी तो अपने जिम्मेदारियों से पीछे हट रहा है ना तो प्रशिक्षित कर्मचारी है और न ही दवाई और तो और आपातकाल में कोई मरीज को एंबुलेंस की आवश्यकता पड़ने पर बहाना बनाया जाता। इससे बड़ी विडंबना क्या होगी एसईसीएल में कार्य करते करते पति कि मृत्यु हो गई। आख़िरी समय में कचरे के गाड़ी में मृत शरीर को ले जाना पड़ा इस हरकत के लिए तो जीतनी निंदा की जाये कम है। आपसे हम मांग करते है की मामले को संज्ञान में लेकर तत्कालीन समय में उपस्थित कर्मचारियों के ऊपर कार्यवाही किया जाये। पार्षद हेमंत शहानी, संदीप दहरिया,तालिका साहू, बंशी कुमार सांसद प्रतिनिधि प्रदीप अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष शब्बीर खान ने संयुक्तरूप से कहा कि बांकीमोंगरा हॉस्पिटल प्रबंधन अपने मनमानी पर उतारू है। आमजनों को सही तरीके से ध्यान नहीं दिया जाता है।

### 2 दंतैल दिखे बढ़ाई गई निगरानी

**कोरबा।** जिले के जंगलों में हाथियों का उत्पात कम होने का नाम नहीं ले रहा है। कोरबा वनमंडल के कुदमुरा वन परिक्षेत्र में 2 दंतैल की सक्रिय है। इस आधार पर आसपास के इलाके में निगरानी बढ़ाई गई है और लोगों को सतर्क किया गया है। कुदमुरा रेंज के एक इलाके में इन हाथियों को देखा गया। वे सामान्य हाथियों के मुकाबले आक्रामक होते हैं और उनके हमले के परिणाम भी काफी खतरनाक होते हैं। बताया गया कि जिस क्षेत्र में जंगली जानवर को देखा गया है उसके आसपास के विभिन्न ग्रामों में संबंधित माध्यम से लोगों को सूचित किया गया है। उन्हें पूरी सतर्कता बरतने और जंगल से दूरी बनाने को कहा गया है। करतला पुलिस को भी जंगली जानवरों की एक्टिविटी के बारे में खबर है और वह भी अपने सूचना तंत्र के जरिए ग्रामीणों को जागरूक करने में लगी हुई है।




### नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा किया गया आयोजन

# गुरु पूर्णिमा पर मां सर्वमंगला घाट पर की गई हसदेव आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



आषाढ़ पूर्णिमा (गुरू पूर्णिमा) के शुभ अवसर पर नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा माँ सर्वमंगला घाट कोरबा पर हसदेव आरती का आयोजन 10 जुलाई को सायं 5 बजे से किया गया।

इस अवसर पर समिति द्वारा बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों के लिये यथोचित व्यवस्था की गयी थी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा बताया गया कि समिति द्वारा हसदेव नदी, हसदेव की सहायक नदियों और अन्य प्राकृतिक जल स्त्रोतों के प्रदूषण को कम करने, संरक्षण करने तथा तट के सौन्दर्यीकरण करने का कार्य किया जा रहा है। उक्त उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक मास की पूर्णिमा को हसदेव आरती माँ सर्वमंगला घाट,कोरबा पर आयोजित की जायेगी, इसी क्रम में आषाढ़ पूर्णिमा (गुरू पूर्णिमा) के शुभ अवसर पर 10 जुलाई 2025 को सायं 5 बजे माँ सर्वमंगला घाट,कोरबा में नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा हसदेव आरती की गयी। आरती में छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय चेयरमैन अशोक मोदी मुख्य यजमान के रूप में सहभागी हुए और विशिष्ट यजमान, परशुराम ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष अधिवक्ता बृजेश कुमार शुक्ला, राजपूत क्षत्रिय समाज के जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह ठाकुर, झेरिया यादव समाज के जिलाध्यक्ष रिखी राम यादव व कनौजिया राठौर समाज के जिलाध्यक्ष सीताराम राठौर सहभागी हुए।इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी सहभागी हुए।

**न्यायालय तहसीलदार, जांजगीर, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**//सूचना//**
क्र.3212/ तह./वा-1/2025
जांजगीर, दिनांक 09/07/25
रा.प्र.क्र. 202503060700055/
बी-121/2024-25
ग्राम- बोडसरा

प्रति, 01. गिरजा बाई पटेल पिता बलराम पटेल 02. सरस्वती बाई पटेल पिता बलराम पटेल जाति पटेल सभी निवासी ग्राम बोडसरा तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 202503060700055/ अ-27/2024-25 में पक्षकार सुन्दरलाल तिवारी बनाम हीरामणी वगै. द्वारा ग्राम बोडसरा प.ह.नं. 02 में स्थित भूमि खसरा नंबर 37/1 रकबा 0.049 हेक्टेयर आवेदक के नाम पर शामिल खाते में दर्ज है। उपरोक्त खसरा नंबर की भूमि पर अनावेदकगण हीरामणी, मुरलीमनोहर, नंदलाल, गिरजा बाई गीता बाई जमुना बाई सरस्वती बाई पिसरान बलराम पटेल जाति सभी निवासी ग्राम बोडसरा द्वारा जबरन बलपूर्वक कब्जा किया गया है। उपरोक्त अनावेदकगण द्वारा किये जा रहे अवैध कब्जे से बेदलख कर आवेदक को कब्जा दिलाये जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः आप उक्त प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 25/7/25 को उपस्थित होंवें अन्यथा आपके विरूध्द एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 09/7/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया है।

**तहसीलदार, जांजगीर**

स्थापना वर्ष 2014
VIPS
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION | CAREER GUIDANCE | ADMISSION
COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य है।
मो.: 9340751120, 9131330801, 7869622725
गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
योग्यता - 12वीं (जीव विज्ञान)
COURSES
BACHELOR IN MED.LAB.TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB.TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Years
पता : राछाभाठा (नवागढ़) जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.), कोबिया सृजन ITI के पीछे, बेमेतरा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### आयुर्वेद अस्पताल में रक्तदान शिविर

**रायगढ़।** छग आयुर्वेद अधिकारी संघ रायगढ़ के तत्वाधान में शासकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालाय में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 20 यूनिट रक्त दान किया गया। जरूरत मंद लोगों को उचित समय पर रक्त ब्लड बैंक में मिल सके। रक्त दान एक अनूठी पहल है जिसे आयुर्वेद अधकारी संघ ने पहल कर आयोजित किया उक्त संबध में रेड क्रॉस व सीएमएचओ डॉ अनिल जगत ने सक्रिय सहयोग किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्यतः सीएमएचओ डॉ अनिल जगत, सिविल सर्जन डॉ दिनेश पटेल, रेडक्रॉस के अध्यक्ष डॉ उराव, जिला आयुष अधिकारी डॉ गौराहा, जिला अध्यक्ष डॉ कुणाल पटेल, महामंत्री डॉ अजय नायक, जिला संरक्षक डॉ मित्र भानु गुप्ता, उपाध्यक्ष डॉ करुणा पटेल, सचिव डॉ संजीव पटेल, मीडिया प्रभारी डा सक्सेना डॉ प्रियंका नायक, डॉ रवि शंकर पटेल एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### नया रजिस्ट्री कार्यालय खोलने की प्रक्रिया प्रारंभ

**सरिया।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी के विकास कार्यों में एक नया कड़ी और जुड़ गया। अब सरिया में नया रजिस्ट्री कार्यालय खोलने की प्रक्रिया सरकार द्वारा प्रारंभ कर दी गई है। बता दें कि विगत दिनों क्षेत्रीय विधायक और वित्त मंत्री ओपी चौधरी छत्तीसगढ़ शासन ने सिनीयर सिटीजन के कार्यक्रम में सरिया में आयोजित एक सभा को संबोधित करते हुए घोषणा की थी कि सरिया में नया रजिस्ट्री कार्यालय खुलेगा। घोषणा के बाद क्षेत्र के लोगों ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी के कार्यों की सराहना करते हुए साधुवाद दिया था। वित्त मंत्री चौधरी ने अपने घोषणा के मुताबिक सरिया में नया रजिस्ट्री कार्यालय खोलने के लिए प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। छत्तीसगढ़ शासन ने इस संबंध में जारी राजपत्र में इसकी आधिकारिक पुष्टि की है। इसका मतलब है कि अब सरिया के लोगों को संपत्ति के पंजीकरण के लिए सारंगढ़ या अन्य दूर स्थान पर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे उनका समय और पैसा बचेगा।

### कोर्ट में पेशी के लिए हाजिर होने सूचना जारी

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने लोहित कुमार साहू पिता जगदीश साहू वाहन स्वामी निवासी पतेरापाली जिला महासमुंद को न्यायालय कलेक्टर सारंगढ़ में 14 जुलाई को पक्षकार छत्तीसगढ़ शासन बनाम तुलसीराम सिदार वगैरह निवासी जोगीडीपा के आबकारी एक्ट के प्रकरण 202501321300007 की पेशी में सुनवाई में उपस्थित होने के लिए सूचना पत्र जारी किया है। यदि लोहित कुमार साहू निर्धारित तिथि को उपस्थित नहीं होते हैं।

## गर्भवती महिलाओं के लिए अस्पतालों में दवाओं का हो पर्याप्त स्टॉक

# हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की सेहत की लगातार करें मॉनिटरिंग : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



स्वास्थ्य विभाग शासन प्रशासन की सबसे अहम जिम्मेदारी संभालता है। लोक स्वास्थ्य की दृष्टि से जरूरी सुविधाओं को उपलब्ध कराने का काम विभाग के जिम्मे है। ग्रास रूट स्तर तक सबसे ज्यादा पहुंच है, सभी जरूरी साधन उपलब्ध कराए गए हैं, ऐसे में विभागीय अधिकारी कर्मचारियों का यह दायित्व बनता है कि अपनी जिम्मेदारियों को कुशलता से निभाएं, जिससे आमजन तक स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभ पहुंच हो। यह बातें कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक में कही। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव और सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की विशेषज्ञ चिकित्सकों से हर तिमाही अनिवार्य जांच के बार में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ऐसी सभी महिलाओं को चिन्हित करते हुए सोनोग्राफी, हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर सहित अन्य सारी जरूरी स्वास्थ्य जांच हो। हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के प्रसव की संभावित तिथि की जानकारी उस ब्लॉक के बीएमओ से लेकर गांव की मितानिन तक होनी चाहिए। हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की रोजाना कॉल कर हेल्थ अपडेट और खान पान की जानकारी ली जाए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को आयरन फोलिक एसिड और कैल्शियम के वितरण हेतु सभी अस्पतालों में दवा का पर्याप्त स्टॉक रखने के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने सिकल सेल की भी नियमित रूप से जांच के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने बैठक में स्वास्थ्य विभाग की सभी प्रमुख योजनाओं की समीक्षा की और इन योजनाओं के क्रियान्वयन के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली।

उन्होंने नॉन कम्युनिकेबल डिसीस के अंतर्गत अस्पतालों में आने मरीजों के बीपी और शुगर के अनिवार्य जांच के बारे में सभी बीएमओ से जानकारी ली। अस्पतालों में मरीजों के जांच के बाद जो व्यक्ति इन समस्याओं से पीड़ित पाए जाते हैं उनके नियमित फॉलो अप नहीं पाए जाने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि ऐसे लोगों की लगातार मॉनिटरिंग की आवश्यकता है।

अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ आउटरीच शिविरों और कार्यक्रमों के तहत चिन्हित बीपी शुगर के मरीजों की नियमित जांच कर उन्हें दवा दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए इन सभी की जानकारी दर्ज कर फॉलोअप का शेड्यूल बनाएं और फील्ड लेवल स्टाफ को भी इसके लिए अलर्ट करें। इससे इन मरीजों के आगे दूसरी बीमारियों के चपेट में आने का रिस्क कम होगा। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए विभागीय तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने डेंगू से बचाव के लिए नगरीय निकायों को टेमीफॉस उपलब्ध कराने और उनके साथ समन्वय से काम करने के निर्देश दिए। इसके अलावा अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव और रोकथाम के लिए स्वास्थ्य अमले को अलर्ट रहकर काम करने के निर्देश दिए। फील्ड लेवल पर सभी हेल्थ स्टाफ की समय पर अपने कार्यस्थल पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कहा।

**दूर-दराज के मरीजों को मिले सुविधा**

बैठक में कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने टेली मेडिसिन से उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी ली। बताया गया कि इसके लिए 5 ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिन्हांकित किए गए हैं। यहां एचडी कैमरे और स्क्रीन इंस्टाल लगाए गए हैं। डॉक्टरों की ऑनलाइन आईडी बनाकर रोस्टर तैयार कर टेली मेडिसिन की शुरुआत कर दी गई है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने स्वास्थ्य अधिकारियों से कहा कि दूर दराज के अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिले।



# अधूरा गौरव पथः विधायक ने की आर्थिक नाकेबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

सक्ती जिले के नगर पंचायत चंद्रपुर में कई वर्षों से अधूरा गौरव पथ का निर्माण एक बड़ा मुद्दा बन गया है। क्षेत्र के विधायक राम कुमार यादव ने सक्ती जिला के कलेक्टर को पत्र लिखकर कहा था कि यदि कार्य पूरा नहीं होता है, तो आर्थिक नाकाबंदी और धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसके तहत सनिवार की सुबह विधायक साथ जन प्रतिनियो द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। साथ ही उर्वरक खाद और इपरसप की समस्या में भी चर्चा की गई।

### जल्द किया जाए गौरवपथ का निर्माण

विधायक ने चेतावनी दी है कि यदि कार्य पूरा नहीं होता है तो आर्थिक नाकाबंदी और धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कलेक्टर से अनुरोध किया है कि इस मामले में तत्काल कार्रवाई की जाए और गौरव पथ का निर्माण कार्य पूरा किया जाए।

### समस्याओं का समाधान नहीं

विधायक ने यह भी कहा है कि चंद्रपुर में उर्वरक खाद की कमी और बिजली की समस्या बनी रहती है, इसका कोई समाधान नहीं किया जाता है। नगर पंचायत चंद्रपुर में अधूरे गौरव पथ के कारण 350 मीटर के दायरे पर ही भारी भरकम डंपर और ट्रक पलट जाती है, जिससे सभी व्यापारी गण, दर्शनार्थी श्रद्धालु और आम नागरिकों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### विधायक की चिंता

विधायक ने कहा है कि चंद्रपुर में स्थित महाचंद्रहसनी आदि शक्ति पीठ छत्तीसगढ़ का ही नहीं बल्कि पूरे देश के आस्था का केंद्र है। हर साल नवरात्रि एवं अन्य पावन पर्व पर यहाँ लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ महाचंद्रहसनी के दरबार में होती है, लेकिन वर्तमान में अधूरे गौरव पथ को देखकर श्रद्धालुओं की संख्या बहुत ही कम हो गई है।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर नदी गांव को मिला मानक गुणवत्ता प्रमाणन



**सरिया।** छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन से सम्मानित होने वाली संस्था सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर नदी गांव केंद्र को मिला है। इस अस्पताल को सात प्रमुख स्वास्थ्य क्षेत्रों में 92.50 प्रतिशत का प्रभावशाली स्कोर करने पर यह सम्मान मिला है। यह प्रमाणन स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा दिया जाता है।

एनक्यूएएस राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक एश्योरेंस स्वास्थ्य केन्द्रों में दी जाने वाली सेवाओं और सुविधाओं का राष्ट्रीय स्तर के मानक का मूल्यांकन है। कलेक्टर डॉ संजय कुमार कन्नौजे के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एफ आर निराला के मार्गदर्शन एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अवधेश पाणिग्राही बरमकेला के नेतृत्व में विकासखंड बरमकेला के स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को एनक्यूएएस अनुरूप प्रशिक्षण आयोजित कर तैयारी हेतु जिला सलाहकार कृष्ण पुरी गोस्वामी के निगरानी में स्वास्थ्य संस्थानों का ऐनण्क्यू एएस अनुरूप उन्नयन एवं मानक रूप में सभी सेवाओं को प्रदान करने हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया। तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर नदीगांव का कार्य पूर्ण होने पर ऐनक्यू एएस मूल्यांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन किया गया। स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा नामित राष्ट्रीय मूल्यांकनकर्ता डॉ दीप्ती शुक्ला उत्तरप्रदेश एवं दिनेश कुमार दिल्ली के द्वारा 12 जून को आयुष्मान आरोग्य मंदिर नदीगांव का वर्चुअल रूप से मूल्यांकन किया गया।

## जनपद पंचायत पुसौर में 89 पंचायतों के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

पुसौर जनपद के सभाकक्ष में प्रभारी आरईएस एसडीओ बिन्दु डनसेना, पीओ आशिष भारती एवं सहायक सीईओ कुलमित्र ने अपने 89 पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यो को लेकर संबंधित सचिवों के साथ बैठक किया। उक्त बैठक 11 बजे से लगभग 2 बजे तक चली, जिसमें सचिवों ने बारी-बारी से अपने पंचायत में चल रहे निर्माण कार्य यथा पीएम आवास, शौचालय निर्माण, गाय-बकरी कोठा, भूमि समतलीकरण, तालाब गहरी करण आदि की जानकारी ली।

सूत्रों के मुताबिक एसडीओ बिन्दु डनसेना स्वयं एसडीओ के प्रभार में रहने के बाद भी कई पंचायतों का मानटरिंग एवं मूल्यांकन करते हैं।

LCIT COLLEGE OF COMMERCE AND SCIENCE
Near High Court, Raipur Road, Bodri, Bilaspur (C.G.)
APPROVED BY
Virtual Labs
swayam
Choose The Best
CHOOSE LCIT
LCIT Group of Institutions
WHY CHOOSE US !
SCHOLARSHIPS
SEPARATE HOSTEL FOR BOYS & GIRLS
PLACEMENTS
TRANSPORT FACILITY
Well Equipped Lab
Lush Green Campus
Sports
Moot Court
Distinguished Faculty
E-Content Provided
Eligibility Any Graduate
PGDCA
1 Year Academic Programme
LAUNCHING SOON
BBA.LL.B. &
M.Sc. Biotechnology
Grab Your Seat in
BA & LLM
• Government Scholarships • Placement Facility • Experienced Faculty
• Educational / Industrial Visit • Well Equipped Labs • Book Bank Facility
• LCIT 'शत प्रतिशत संकल्प' Scholarship
B.Sc.(Hons') B.Com(Hons') BA(Hons')
BCA(Hons') BBA(Hons') M.Sc.
M.Com. M.A. LAW
Contact Us
Science : 9827875752 Commerce : 7566666785
Law : 7000256175 Arts : 9109730890
APPLY NOW
www.lcit.edu.in

AISECT
RECRUITMENT OF VOCATIONAL TRAINERS
For implementing Vocational Training under CSS-VSHSE across Govt. Schools in Chhattisgarh
Contractual-Institutional Positions for Sector: "Power"
Application are invited from eligible candidates for the position of Vocational Trainers in the above said sector for the implementation of CSS-VSHSE, in various Government Schools of Chhattisgarh
Remuneration (CTC) – Rs 20,000 per month
Age Limit - 18-37 years (As on 01/01/2025)
Online Application Link https://www.aisect.org/CG-VTrecruitment2025

| SECTOR | LOCATION (Districts) |
|---|---|
| Power | Balod, Balodabazar, Balrampur, Bemetara, Bilaspur, Dhamtari, Durg, Gariaband, Janjgir-Champa, Jashpur, Kanker, Kawardha, Korba, Mohala-Manpur-Chowki, Raipur, Sakti |

Last date of receipt of application : 15/07/25 (5:00 PM) IST
QUALIFICATION & EXPERIENCE
Power: Bachelor of Engineering/Technology in Electrical/EEE Engineering from a Recognized Institute/University with atleast one year work/teaching experience or Diploma in Electrical/EEE Engineering with three years of work/teaching experience
Desirable : 1) Certified Master Trainer from SSC in this job role
Minimum Competency: 1) Effective Communication Skills (Oral & Written) 2) Basic Computing Skills
Candidates shortlisted on the basis of details filled online will have to go through written test followed by an interview. Selected candidate will be asked to join within short notice.
सभी अभ्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि व्यावसायिक शिक्षा के तहत वी.टी. पद में चयन हेतु कोई भी अनुचित गतिविधि या छलावे में न फंसे। किसी भी व्यक्ति द्वारा नौकरी दिलाने के लिए पैसे की मांग करने वाले झांसे में न आएं। यह पूरी तरह से अवैध और अस्वीकार्य है। प्रक्रिया पारदर्शिता निष्पक्षता के साथ संचालित होगी। कृपया किसी भी धोखाधड़ी या गलत सूचना से बचे और स्वयं पर विश्वास रखें। यदि आपको ऐसे किसी व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी मिलती है तो तुरंत सूचित करें। आपकी सफलता केवल आपकी कड़ी मेहनत और योग्यता पर निर्भर करती है।
To Apply, Scan The QR Code
Note: Preference to Chhattisgarh domicile candidates
7000240756
Call Between 11:00 AM To 05:00 PM

## एसईसीएल व जिला प्रशासन के बीच दो सीएसआर परियोजनाओं के लिए एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

**रायगढ़।** एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र एवं जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा दो महत्वपूर्ण सीएसआर परियोजनाओं के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। पहली सीएसआर परियोजना अंतर्गत भारत सरकार के मिशन अमृत सरोवर के तहत स्वीकृत राशि 75-13 लाख से ग्राम पंचायत छाल में 2 तालाबों का जीर्णोद्धार किया जायेगा। दूसरी परियोजना अंतर्गत स्वीकृत राशि 80 लाख से ग्राम पंचायत टेरम में प्रस्तावित पुनर्वास और पुनर्स्थापन स्थल तक पहुंच मार्ग के लिए सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा। इन दोनों परियोजनाओं के लिए जिला प्रशासन यथा जिला कलेक्टर रायगढ़ के प्रतिनिधि के रूप में क्रमशः मदनलाल साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी धरमजयगढ़ एवं विनय चौधरी मुख्य कार्यपालन अधिकारी घरघोड़ा तथा क्षेत्रीय महाप्रबंधक रायगढ़ क्षेत्र के प्रतिनिधि के रूप में केसी सुरेन्द्रनाथ, महाप्रबंधक संचालन द्वारा हस्ताक्षर किया गया। इस मौके पर डॉ गजानंद, सीएसआर अधिकारी रायगढ़ क्षेत्र एवं संबंधित ग्राम. छाल एवं टेरम के विभिन्न जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस पहल से निशित रूप से स्थानीय समुदायों को लाभ होगा एवं खनन प्रभावित क्षेत्रों एवं लोगों का विकास होगा। विदित हो कि एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र के द्वारा कोयला उत्पादन के साथ साथ परियोजना प्रभावित गावों एवं सुदूर अंचलों में सीएसआर के तहत विभिन्न गतिविधियों कार्यक्रमों कार्यों के द्वारा सतत विकास का प्रयास किया जा रहा है।

